हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 20 जनवरी 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 14 डिग्री




11 स्व. विनोद गोस्वामी ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता ...



12 जबरन धान समर्पण के लिए किसानों को विवश ...


अर्धवार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में ज्यादा सुधार नहीं, पिछले साल की बोर्ड परीक्षा के समकक्ष आया परिणाम

# हर माह टेस्ट और मॉनिटरिंग पर रिजल्ट में नहीं दिखा असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

इस साल भी शिक्षा के स्तर में ज्यादा सुधार नहीं आया है। बोर्ड परीक्षा में जितना रिजल्ट मिला था, उतना ही अर्धवार्षिक परीक्षा में भी आया है। इस रिजल्ट को देखकर अब शिक्षा विभाग अलर्ट हो गया है और बोर्ड परीक्षा की तैयारी और भी बेहतर तरीके से शुरू कर दी है।

पिछले शिक्षण सत्र में बोर्ड परीक्षा की तैयारी जमकर की गई थी, इसके बाद भी रिजल्ट अपेक्षाकृत कम आया था। कक्षा 12वीं में जहां रिजल्ट 6 प्रतिशत कम हुआ था, वहीं कक्षा 10वीं में 9 प्रतिशत घट गया था। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इस साल जमकर मेहनत की। हर माह टेस्ट लिया जा रहा है। अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों द्वारा इसकी समीक्षा भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कई प्रकार के जतन किए गए, लेकिन इस मेहनत का सार्थक परिणाम आता दिखाई नहीं दे रहा है। दिसंबर माह में हुई दसवीं और बारहवीं अर्धवार्षिक परीक्षा के रिजल्ट पर नजर डालें तो अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट पिछले साल की वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट के समकक्ष है। स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने रिजल्ट सुधारने के लिए जोर-शोर से तैयारी शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि अर्धवार्षिक परीक्षा में सबसे कमजोर रिजल्ट धमतरी ब्लॉक का आया है। सबसे ज्यादा रिजल्ट देने वाला ब्लॉक नगरी है।



फाइल फोटो



फाइल फोटो


**अर्धवार्षिक परीक्षा का रिजल्ट (प्रतिशत में)**

| ब्लॉक | कक्षा दसवीं | कक्षा बारहवीं |
|---|---|---|
| धमतरी | 67.22 | 79.11 |
| कुरूद | 75.27 | 82.55 |
| मगरलोड | 74.25 | 81.23 |
| नगरी | 75.59 | 84.47 |

### ऐसा रहा रिजल्ट

मिली जानकारी के अनुसार अर्धवार्षिक परीक्षा में कक्षा बारहवीं का रिजल्ट 81.63 प्रतिशत आया है। पिछले साल की वार्षिक परीक्षा में रिजल्ट 81.56 प्रतिशत आया था। इसी प्रकार कक्षा दसवीं का रिजल्ट 72.76 प्रतिशत आया है। पिछले साल बोर्ड परीक्षा में दसवीं का रिजल्ट 72.01 प्रतिशत आया था। दोनों ही कक्षाओं का रिजल्ट पिछले साल की बोर्ड कक्षा के समकक्ष है।

## उदंती सीतानदी के जंगल में नर व मादा तेंदुआ कर रहे विचरण



- बाघ के पंजों के निशान और मल मिलने की खबर
- बाघ की ट्रैकिंग के लिए 200 कैमरे लगाने की विभागीय तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

उदंती सीतानदी के जंगल में एक बार फिर बाघ के पंजों के निशान और मल पाए जाने की खबर है। बाघ की ट्रैकिंग के लिए 200 कैमरे लगाने की वन विभाग तैयारी कर रहा है। वहीं सीतानदी क्षेत्र में देर रात सड़क किनारे नर और मादा तेंदुआ का वीडियो एवं फोटो वायरल हुआ है।

उदंती सीतानदी अभ्यारण के एसडीओ की टीम रात में जंगल की सर्चिंग के लिए निकली थी। इस दौरान नर और मादा तेंदुआ को एकसाथ विचरण करते पाया गया जिसकी तस्वीर कैमरे में कैद की गई। टाइगर रिजर्व के डीएफओ ने बताया कि सीतानदी जंगल क्षेत्र में बाघ के पंजों के निशान और मल पाया गया। बाघ के ही पंजों और मल होने की पुष्टि के लिए इसका सेंपल देहरादून भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद ही बाघ के मल और निशान होने की पुष्टि होगी। वहीं बाघ की ट्रैकिंग के लिए जंगल में 200 सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्लान है। सीसीटीवी कैमरे में नजर आने के बाद ही बाघ होने की विभागीय पुष्टि की जाएगी।

डीएफओ श्री जैन ने बताया कि रविवार की रात एसडीओ अपने टीम के साथ जंगल की सर्चिंग के लिए निकले थे। सीतानदी अभ्यारण क्षेत्र में रास्ते के किनारे से तेंदुआ नजर आया जिसकी तस्वीर मोबाइल पर कैद की गई। इसमें नर और मादा तेंदुआ विचरण करते हुए मिले। विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांवों में लोगों को सतर्क किया गया है।

## खबर संक्षेप

### वासुदेव का बीएसएफ में चयन

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर के होनहार युवक वासुदेव निषाद उम्र 23 वर्ष पिता हरिराम निषाद का बीएसएफ में चयन हुआ है।



उन्होंने कड़ी मेहनत लगन से यहां पद हासिल किया है। उनके चयन पर सरपंच उमा राजेन्द्र निषाद, उमालाल, नोहरराम निषाद, प्रकाश निषाद, विष्णुराम, दीपक निषाद, ध्रुवलाल, देवनारायण निषाद, मोतीराम निषाद, विश्वनाथ निषाद, चंदू निषाद, नेमचंद निषाद ने हर्ष जताया है।

### आज कलारतराई में होगी मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कलारतराई में ग्रामवासियों के सहयोग से 20 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जय मां शीतला मां की ममता चिकली बांधाबाजार अंबागढ़ चौकी जिला मोहला मानपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने दी।

### सेलदीप में मड़ई मेला 21 को

**कुरूद।** ग्राम सेलदीप में ग्रामवासियों के सहयोग से 21 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है जिसमें आंगादेव की उपस्थिति होगी। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लोकमंच रंग छत्तीसा पूनम दिव्या विराट तिवारी राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी।

### लीलांज में मया के संदेश की प्रस्तुति 26 को

**सांकरा।** 26 जनवरी को सांकरा मड़ई मेला के अवसर पर आश्रित ग्राम लीलांज में रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा मया के संदेश ग्राम कसही तहसील कुरूद जिला धमतरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में ऋषि ओटी, हरिक लाल, दौलत नेताम, भगवान सिंह, बरसन , तोरण, रोमन, रोशन चक्रधारी जुटे हैं।

### प्रायोगिक संपर्क कक्षाएं 21 जनवरी से

**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के बीएससी भाग-2, 3 के अमहाविद्यायीन, भूतपूर्व छात्र-छात्राओं के वनस्पतिशास्त्र, जन्तुविज्ञान, रसायनशास्त्र, भौतिकी, गणित विषय की 15 दिवसीय प्रायोगिक संपर्क कक्षाएं 21 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक होगी, जिसमे लैबवर्क कार्य कराया जायेगा। 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर छात्र-छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगे। प्राइवेट छात्र-छात्राओं को क्लास अटेंड करना अनिवार्य है जिससे प्रायोगिक रिकार्ड तैयार किया जा सके।

## सम्मान प्रणाली एप का बहिष्कार आज से

- आंबा कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने गुणवत्ताहीन साड़ी के बदले लोगोयुक्त ब्लेजर की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने सम्मान सुविधा प्रणाली एप का बहिष्कार एवं निम्न गुणवत्ता वाली साड़ी के बदले लोगोयुक्त ब्लेजर की मांग की है।



सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन पहुंची संघ की पदाधिकारियों ने संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि विभाग द्वारा थोपी गई ऑनलाइन फोटो हाजिरी प्रणाली सुबह 9.30 से 9.45 तक पूरी तरह अनुचित है। जब वह राज्य सरकार से शासकीयकरण एवं वेतनवृद्धि की मांग करते हैं तो इसे केंद्र का विषय बताकर टाल दिया जाता है लेकिन काम का बोझ बढ़ाने के लिए राज्य सरकार सम्मान प्रणाली सिर्फ छत्तीसगढ़ में लागू की है। एकतरफा प्रताड़ना उन्हें स्वीकार नहीं है। केंद्र सरकार के पोषण टेकर एप में नियमित उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तो राज्य सरकार सम्मान एप के माध्यम से मानसिक दबाव बनाया जा रहा है। बिना 5 जी मोबाइल और मासिक डेटा भत्ता दिए निजी मोबाइल ▸▸ शेष पेज 10 पर

## कार की ठोकर से ई-रिक्शा पलटी, महिला व बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- रूद्री रोड की घटना

भागवत महापुराण में दल्लीराजहरा जाने के लिए बस स्टाप जा रहे सोनकर परिवार से भरी ई-रिक्शा तेज रफ्तार कार की ठोकर से सड़क पर पलट गई। घटना में ई-रिक्शा सवार परिवार व बच्चों को चोट लगी है।





मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय रामपुर वार्ड निवासी दूरपतिबाई सोनकर उम्र 65 वर्ष व बिसरीबाई सोनकर उम्र 50 वर्ष नयापारा निवासी के रिश्तेदार के घर दल्लीराजहरा में भागवत महापुराण कथा का आयोजन है। भागवत कथा में शामिल होने सोमवार को दूरपति सोनकर, बेटी आरती सोनकर, बहू ममता सोनकर, नाती हिमांशु सोनकर व नातिन कविता एवं किशनीबाई सोनकर दल्लीराजहरा जाने के लिए घर से ई-रिक्शा में सवार होकर सोरिद बस स्टाप जा रहे थे। ई-रिक्शा रूद्री रोड से होते हुए अंबेडकर चौक की तरफ जा रही थी, इसी दौरान चर्च के पास तेज रफ्तार कार के चालक ने ई-रिक्शा को जोरदार ठोकर मार दी। कार की टक्कर से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। घटना में आरती सोनकर, किशनीबाई सोनकर, ममता सोनकर, दीपांशु व कविता घायल हो गए। वहीं दूरपतिबाई घायल होने से बाल-बाल बच गई। आरती को गंभीर चोट लगी है। सूचना पर वरदान संस्था के शिवा प्रधान व सोनू साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और दो घायल व वृद्धा को एंबुलेंस के माध्यम से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। वहीं तीन घायलों को परिजन उपचार कराने निजी अस्पताल ले गए।

## पिकअप की ठोकर से तीन स्कूली छात्र घायल

- गणतंत्र दिवस का परेड अभ्यास कर लौट रहे थे, ब्रम्ह चौक के पास हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एकलव्य खेल मैदान में गणतंत्र दिवस का परेड अभ्यास कर घर लौट रहे तीन स्कूली छात्रों को तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार घायल कर दिया है।



मिली जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एकलव्य खेल मैदान में परेड अभ्यास चल रहा है जिसमें स्कूली बच्चे भी भाग ले रहे हैं। सोमवार की शाम सर्वोदय स्कूल के तीन स्कूली बच्चे देव मारकंडे, भावेश जोशी व विकास मरकाम तीनों हटकेशर निवासी परेड अभ्यास कर खेल मैदान से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन के चालक ने तीनों स्कूली छात्र को ठोकर मार दी। तीनों छात्र घायल हो गए। सूचना पर वरदान परमार्थ सेवा संस्था के शिवा प्रधान एवं डूमन साहू तत्काल मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की सहातया से घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा कि घटना में दो छात्रों का पैर फ्रैक्चर हो गया है।

### रांवा में जोड़ मेला 23 जनवरी को

**धमतरी।** बसंत पंचमी के अवसर पर ग्राम रांवा के गुरुद्वारा श्री दुख निवारण साहिबजी में में 23 जनवरी शुक्रवार को जोड़ मेला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा। आम लंगर दोपहर 1 बजे रखा गया है। मेले में रागी जत्था दविंदर सिंह (निरौल अंबिकापुर), जोशीला जत्था (टाटीबंध रायपुर), बीबा जसप्रीत कौर भाटिया चढ़दी कला ग्रुप (टाटीबंध रायपुर) और ज्ञानी अरुणदीप सिंह हजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा धमतरी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान जगजीवन सिंह सिद्धू, जसपाल सिंह छाबड़ा सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हैं।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

- देमार के पास अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राइस मिल में काम कर वापस अपने गांव लौट रहे बाइक सवार मजदूर युवक को अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। घटना में युवक की मौत हो गई।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी (देमार) निवासी नीलमणि हरदेल पिता माधव सिंह उम्र 20 वर्ष धमतरी की पूजा राइस मिल में मजदूरी करता था। रोजाना की तरह युवक रविवार की सुबह राइस मिल में काम करने गया था जहां से शाम को युवक मोटरसाइकिल से अपने घर ग्राम पीपरछेड़ी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम देमार के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### मड़ई की खुशी मातम में बदली

उल्लेखनीय है कि ग्राम पीपरछेड़ी में सोमवार को मड़ई मेला कार्यक्रम आयोजित था। मड़ई से पूर्व गांव में मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया था। रविवार को मानस सम्मेलन का समापन हुआ। उसके दूसरे दिन सोमवार को मड़ई थी। गांव में श्रद्धा व उत्सव का वातावरण था। इसी बीच रविवार की शाम गांव के युवक की सड़क हादसे में मृत्यु हो जाने से उत्साह फीका पड़ गया। सभी आयोजन रोक दिये गये। सोमवार की दोपहर बाद मड़ई का आयोजन हुआ।

ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन ने किया कलेक्टोरेट का घेराव

# पचास हजार का ऑटो, 26 बार में डेढ़ लाख का चालान

- सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसपी के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोमवार को ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर 200 ऑटो के साथ रैली निकाली। ऑटो चालकों ने कलेक्टोरेट के सामने धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन कलेक्टर, एसपी को ज्ञापन सौंपने अड़ा रहा। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद नायब तहसीलदार लोकेश साव को ज्ञापन सौंपा।

ऑटो ऑनर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष साहिल अहमद ने बताया कि ऑटोरिक्शा के खिलाफ हो रही प्रशासनिक ज्यादती के विरोध में 200 ऑटो की रैली निकाली गई। रैली बस स्टैंड से मकई चौक, रत्नाबांधा चौक, अंबेडकर चौक होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। एसोसिएशन ने कलेक्टोरेट का घेराव कर पुलिस एवं प्रशासन को समस्या बताकर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। बताया कि धमतरी में ऑटो पर ई-चालान का कहर टूट रहा है। हर ऑटो पर दर्जनों ई-चालान काटा जा रहा है। 50 हजार से 1.50 लाख रूपए तक फिटनेस, बीमा के नाम पर चालान काटा जा रहा है। योगेश साहू ने बताया कि नवंबर से अब तक 26 बार के चालान में 1.40 हजार रूपये ठोका गया है जबकि उसके ऑटो की कीमत 50 हजार से ज्यादा नहीं है। उनका आरोप है कि ई-रिक्शा वालों के पास कम्पलीट कागजात नहीं है, फिर भी ई-रिक्शा का चालान नहीं काटा जाता है।

एसोसिएशन ने एसपी के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि ई-रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों से निर्धारित किराया से अधिक राशि वसूली जा रही है। अंबेडकर चौक से बस स्टैंड का निर्धारित ▸▸ शेष पेज 10 पर





### धमतरी में फिटनेस पर लगी रोक

धमतरी जिले में फिटनेस प्रमाण- पत्र बनाने के काम पर रोक लगा दी गई है जिसकी वजह से ऑटो वालों को रायपुर या दुर्ग 70 से 80 किमी दूर जाना पड़ रहा है। रायपुर या दुर्ग जाने पर यातायात पुलिस चालानी कार्रवाई करती है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने धमतरी में ही फिटनेस एवं गाड़ियों का पेपर बनाने की मांग की है।

### ई-रिक्शा में स्कूली बच्चे नियम विरूद्ध

ई-रिक्शा से स्कूली बच्चों को ढोया जा रहा है जो नियम अनुसार गलत है। ई-रिक्शा वालों के पास लाइसेंस नहीं है। फिटनेस और परमिट भी नहीं है। धमतरी के शोरूम संचालकों के द्वारा बिना लाइसेंस के ई-रिक्शा बेची जाती है जिससे ई-रिक्शा की तादाद बहुत बढ़ रही है। स्कूलों में बिना पेपर वाले मैजिक, तूफान, प्राइवेट गाड़ियां चल रही हैं। सिर्फ ऑटो रिक्शा पर ही कार्रवाई हो रही है। एसोसिएशन ने बस स्टैंड के पीछे स्थित राइस मिल से उड़ने वाले राखड़ की शिकायत करते हुए कहा कि इससे बस स्टैंड में यात्री, व्यापारी, वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

## बोलेरो खड़े ट्रक से टकराई सवार ममेरे भाई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तेज रफ्तार बोलेरो पुरूर चौक के पास खड़े ट्रक के पीछे जा टकराई। घटना में बोलेरो में सवार दो ममेरे भाई घायल हो गए।

- ग्राम पुरूर की घटना

मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम बागतराई थाना पुरूर निवासी युवराज साहू पिता नरेश उम्र 27 वर्ष एसबीआई बैंक अंतर्गत एटीएम में मनीलोडिंग का काम करता है। रविवार की शाम युवराज अपने ममेरे भाई रुपेश साहू पिता उमेश उम्र 23 वर्ष ग्राम सरबदा थाना गुरुर निवासी के घर गया था जहां से रात्रि में दोनों ममेरे भाई बोलेरो में सवार होकर फागुनदाह के रस्ते धमतरी आ रहे थे। इसी दौरान हाईस्पीड बोलेरो वाहन पुरूर चौक के पास खड़े ट्रक के पीछे घुस गई। घटना में बोलेरो सवार दोनों युवक घायल हो गए। वहीं वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घायलों को वाहन से बाहर निकालकर वरदान एंबुलेंस संस्था से उपचार के लिए धमतरी के निजी अस्पताल भेजा गया जहां घायलों को भर्ती कर उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो सवार दोनों युवक नशे में थे।





**खबर संक्षेप**

## युवक ने खाया जहर

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम संगम के युवक ने जहर खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक संगम निवासी 19 वर्षीय मनेश नुरूटी पिता बुधराम नुरूटी ने जहर खा लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## दुर्घटना में युवक की हुई, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत बनोली निवासी 32 वर्षीय संजय पोटाई पिता बुधुराम पोटाई का इमलीपारा हाटकर्रा के पास एक्सीडेंट होने से मौत हो गया। बनोली निवासी 62 वर्षीय बुधुराम पोटाई पिता स्व. मंगलू राम पोटाई ने पुलिस को बताया कि मृतक 17 जनवरी की रात को सड़क दुर्घटना में गंभीर चोट आया था, जिसके कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## दस्तावेज सत्यापन 27 एवं 28 जनवरी को

**कांकेर।** राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2025-26 अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा नई दिल्ली में तैयारी के लिए 28 दिसम्बर को परीक्षा आयोजित की गई थी।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

## सम्मान प्रणाली एप का बहिष्कार आज से

पर एप चलाने का दबाव नैसर्गिक न्याय के विरूद्ध है। संघ 20 जनवरी से सम्मान एप में फोटो हाजिरी का पूर्ण बहिष्कार करेगा। संघ ने आगे कहा कि विभाग द्वारा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को जो साड़ियां प्रदान की गई हैं, उसकी गुणवत्ता निम्न है। इसकी लंबाई चौड़ाई मानक से कम है। महिलाओं की कद-काठी अलग - अलग होती है। कम लंबाई की साड़ी पहनना उनके लिए असुविधाजनक एवं गरिमा के प्रतिकूल है। कार्य की सुगमता एवं सशक्त प्रोफेशनल पहचान के लिए भविष्य में साड़ी के स्थान पर लोगोयुक्त ब्लेजर या कोट प्रदान किया जाए। ब्लेजर सभी साइज की महिलाओं के लिए सुविधाजनक है। यह फील्ड वर्ग एवं गृहभेंट में कर्मचारी जैसा पहचान देता है। इसे साड़ी या सूट के उपर पहना जा सकता है।

## पचास हजार का ऑटो डेढ़ लाख का चालान

किराया 10 रूपये है जबकि ई-रिक्शा में इसका चार्ज 20 रुपये लिया जा रहा है। इसी तरह लक्ष्मी निवास से कलेक्टोरेट का 10 से 20 रुपये लिया जा रहा है। आरोप है कि अग्निवीर भर्ती के लिए आने वाले युवाओं को लूटा जा रहा है। इंडोर स्टेडियम से गंगरेल के लिए प्रति सवारी 50 रुपये का किराया लिया जा रहा है। 90 प्रतिशत ई-रिक्शा का फिटनेस, बीमा, लाइसेंस नहीं है। नाबालिग ई-रिक्शा चला रहे हैं। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। ई-रिक्शा वाले अब ऑटो वालों को धमकाने लगे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान एसोसिएशन के पंकज नाग, शैलेंद्र साहू, गोपी सिन्हा, नेत्रराम वर्मा, रामनारायण सिन्हा, ललित साहू, रामरतन सिन्हा, राजकुमार साहू, शंभू टांडिया, गीतकुमार भारती सहित लगभग 200 ऑटो चालक मौजूद थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम छिपली, प.ह.नं. 88, रा.नि.मं. नगरी, तहसील नगरी, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 104, 162, 379, 465, 481, 1123, 1502 रकबा क्रमशः 2.713, 0.10, 0.03, 0.11, 0.05, 0.19, 1.02, 1.21 कुल खसरा योग 07 कुल रकबा 2.71 हेक्टेयर भूमि जो कि मेरे पक्षकार उमाशंकर पिता स्व. रंजन सिंह वगैरह की पूर्वज एवं पैतृक सम्पत्ति है। जिसके संबंध में मेरे पक्षकार उमाशंकर वगैरह के द्वारा पूर्व में व्यवहार न्यायालय वर्ग 02 नगरी के निर्णय दिनांक 19.07.2010 के पश्चात न्यायालय श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश धमतरी, जिला धमतरी में विविध सिविल अपील क्र. 05/2024 उमाशंकर वगैरह बनाम चन्द्रहास वगैरह प्रस्तुत किया था जिसका निराकरण दिनांक 16.06.2025 को होने के पश्चात उसकी रिट पिटीशन उमाशंकर वगैरह बनाम चन्द्रहास वगैरह क्र. 860/2025 माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में उमाशंकर वगैरह के द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिस पर विचारण होना शेष है और उमाशंकर वगैरह एवं चन्द्रहास वगैरह के मध्य उपरोक्त दर्शित भूमि के संबंध में विवादित है और इस दौरान उपरोक्त तथ्यों की जानकारी रखते हुए भी चन्द्रहास, बेदकुमार, बीना कुमारी, शारदा बाई, गिरजा बाई पिसरान भुनेश्वर सेन, निवासी ग्राम छिपली, पोस्ट अमाली, तहसील नगरी, जिला धमतरी के द्वारा उपरोक्त दर्शित भूमि में से उक्त भू-भाग को विक्रय हेतु प्रयासरत हैं और उक्त भूमि न्यायालय में विवाद का विषय है इसलिये उक्त भूमि को चन्द्रहास वगैरह से या अन्य किसी व्यक्तियों से किसी भी प्रकार से खरीदी-बिक्री इत्यादि ना करें अन्यथा खरीदने वाले को भी व्यक्तिगत रूप से उक्त वाद सम्पत्ति के संबंध में पक्षकार बनाकर संयोजित किया जावेगा जिसकी जवाबदारी स्वयं खरीददार की होगी। इसलिये उपरोक्त दर्शित भूमि को किसी भी प्रकार से कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था चन्द्रहास पिता भुनेश्वर सेन से खरीददारी ना करें अन्यथा उपरोक्त सभी तथ्यों की जानकारी होने के बाद भी खरीदी की जाती है तो खरीददार की स्वयं की जिम्मेदारी होगी।

अतएव आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि का किसी भी प्रकार से खरीदी-बिक्री व बंधक उपरोक्त व्यक्तियों के माध्यम से ना करें और व्यर्थ के कानूनी विवाद से बचें। तदनुसार आम सूचना प्रकाशित है।

स्थान : धमतरी
दिनांकः 19.01.2026

**गेवेन्द्र कुमार पटेल, अधिवक्ता**
**शपथ आयुक्त**
**अम्बेडकर चौक, जोधापुर वार्ड धमतरी**
**मो.नं. 98279-41312**

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र खरेंगा, दोनर व कंडेल का किया निरीक्षण

# धान खरीदी प्रक्रिया में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने धमतरी तहसील के खरेंगा, दोनर और कंडेल धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने न केवल खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का बारीकी से अवलोकन किया, बल्कि केंद्रों पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर जमीनी हकीकत और व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी भी ली।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने टोकन कटने की स्थिति, किसानों द्वारा



धान विक्रय, रकबा समर्पण, धान उठाव एवं भुगतान प्रक्रिया की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन किसानों के टोकन पहले ही कट चुके हैं, उनका धान प्राथमिकता के आधार पर बिना किसी विलंब के खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि छोटे, सीमांत और वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान रकबा समर्पण और फसल सत्यापन की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं फर्जी बिक्री पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी तरह की लापरवाही, अनियमितता या मिलीभगत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी कार्रवाई शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पहली बार धान विक्रय हेतु टोकन कटवाने वाले किसानों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सत्यापन के दौरान यदि फर्जी रकबा, अवैध धान बिक्री अथवा अन्य अनियमितताएं पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों पर पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था, बैठने की सुविधा एवं किसानों की अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने धान उठाव की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि समयबद्ध उठाव से केंद्रों में भीड़ कम होगी और किसानों को समय पर भुगतान किया जा सकेगा।

इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम, जिला विपणन अधिकारी सुनील सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों के आदिवासी नृत्य ने मोहा मन





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

नवागांव पांच पाली क्षेत्र ध्रुव गोंड़ आदिवासी समाज भवन का लोकार्पण ग्राम पंचायत डुमरपाली में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक अंबिका मरकाम रही। स्कूल बच्चों व्दारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सामाजिक एकता पर जोर दिया। समाजजनों को शिक्षा की ओर ध्यान देने जोर दिया। विधायक निधि से निर्मित भवन की मरम्मत, देखरेख व साफ सफाई करते हुए उपयोग करने की बात कही। पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने आमजनता के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद करने की बात कही। कार्यक्रम में बलाक कांग्रेस अध्यक्ष विनीत बाफना, चांदना बाफना, राजेश साहू पूर्व सरपंच, गवेन्द्र साहू, नीतू खिलावन साहू, रुक्मिणी तोरण सिन्हा सहित समाज के पदाधिकारी व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ईश्वर निष्कलंक हृदय और निष्काम भक्ति में प्रकट होते हैं : ममता

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम कचना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस पर कथास्थल भक्ति रस में सराबोर हो उठा। कथा प्रवक्ता ममता दीदी पाठक के ओजस्वी एवं सुमधुर प्रवचनों ने श्रोताओं के हृदय को गहराई से स्पर्श किया।



पंचम दिवस की कथा में दीदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। पूतना उद्धार, शकटासुर वध, माखन चोरी तथा माता यशोदा और श्रीकृष्ण के वात्सल्य प्रेम का जीवंत चित्रण सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। अपने प्रवचन में दीदी ने कहा कि ईश्वर केवल मंदिरों में नहीं, बल्कि निष्कलंक हृदय और निष्काम भक्ति में प्रकट होते हैं। उन्होंने वर्तमान समाज को संदेश देते हुए संस्कारयुक्त जीवन, धर्म के साथ कर्म तथा भक्ति के साथ विवेक अपनाने की प्रेरणा दी। दीदी के विचारों से विशेष रूप से युवा वर्ग प्रभावित हुआ। श्रद्धालुओं ने उनकी सरल भाषा, गहन शास्त्रीय ज्ञान और जीवन से जुड़े उदाहरणों की प्रशंसा की। कथा स्थल पर प्रतिदिन अनुशासन, श्रद्धा और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक चेतना का प्रसार हो रहा है।

# नाबालिग छात्रों को कराई उठक बैठक, समझाइश देकर छोड़ा

- सिहावा पुलिस ने घटुला रोड पर यातायात जांच अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

सिहावा पुलिस ने सोमवार को घटुला रोड पर यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान छात्र-छात्राओं, नाबालिग बच्चों सहित बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों की जांच की गई।



पुलिस ने मोटरसाइकिल चालकों के आरसी बुक, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस एवं हेलमेट की जांच की। जांच के दौरान नाबालिग छात्रों को वाहन चलाते पाए जाने पर उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए मौके पर उठक-बैठक कराई गई और यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देने के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस जवानों ने आम लोगों से भी बिना हेलमेट दोपहिया वाहन न चलाने, दोपहिया व चारपहिया सभी वाहनों के आवश्यक दस्तावेज जैसे आरसी बुक, बीमा एवं लाइसेंस हमेशा साथ रखने की अपील की। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार का अभियान समय-समय पर चलाया जाता है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाया जा सके और नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़े।

## बारना के चार युवाओं का सेना में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम बारना में सीआईएसएफ और बीएसएफ में चयनित चार युवाओं मुकेश साहू, दुर्गेश साहू, दिनेश पटेल एवं देवव्रत निर्मलकर को युवा संघर्ष समिति, आजाद हिन्द युवा क्लब एवं ग्राम पंचायत बारना द्वारा पुष्प, गुलाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक दिलीप निषाद, सरपंच दीपक पटेल, उपसरपंच मनीष पटेल, चंद्रशेखर साहू, अशोक निषाद, योगेंद्र निषाद, आशीष पटेल, लोमित पटेल, मिथिलेश पटेल, मोनू साहू, भावेश यादव, कोमल साहू, राकेश साहू, रविन्द्र यादव मौजूद थे।

# मानसगान में सेनचुवा व करेली बड़ी अव्वल

- डांडेसरा में मानसगान प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा में धर्म जागरण मानस प्रचार समिति एवं जय बजरंग मानस मंडली द्वारा छग राज्यस्तरीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन खेल मैदान में किया गया।



प्रतियोगिता में 21 ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने भाग लिया। पुरूष वर्ग में प्रथम भगवती मानस परिवार सेनचुवा धमतरी और महिला वर्ग में प्रथम अर्चना महिला मानस मंडली करेली बड़ी रही। समापन समारोह की मुख्य अतिथि ज्योति चन्द्राकार अध्यक्ष नगर पालिका कुरूद थी। अध्यक्षता चित्रलेखा परीक्षित ध्रुव जनपद सदस्य कुरूद ने की। विशिष्ट अतिथि दुलेश्वर ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य कुरूद, लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष मानस शक्ति केन्द्र खैरा, रामकुमार साहू सोसाइटी अध्यक्ष चर्रा, सुभाष ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य कुरूद, आलोक चन्द्राकार, राजेश साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला डांडेसरा थे। मंच संचालन दिवाकर शोरी हल्बा नरहरपुर, महेन्द्र साहू शिक्षक प्रधानपाठक कातलबोड़ ने किया।

इस अवसर पर आयोजक समिति के संरक्षक हरिशंकर साहू, अध्यक्ष श्रवण नागे, उपाध्यक्ष प्रभुराम साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, सचिव किरण कुमार साहू, शेषनारायण साहू, सहसचिव मनीष राजू साहू, सलाहकार महेश साहू, बंशी नागे समेत सदस्यगण सियाराम रात्रे, रविकुमार साहू, समयलाल साहू, फलिन साहू, अमरसिंग साहू, गोविन्दराम साहू, किसुन साहू, ईश्वर साहू, दयाराम दीवान, अखिलेश साहू, जगत साहू, कुणाल साहू उपस्थित थे।

## शैक्षणिक आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास

- महानदी एकेडमी नगरी में "ज्योतिर्गमय" का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



महानदी एकेडमी नगरी में शैक्षणिक महोत्सव ज्योतिर्गमय का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीवन नाहटा ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का अवलोकन किया। महोत्सव में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने कविता पाठ, गीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुति, आदर्श नोटबुक प्रदर्शन, पठन लेखन गतिविधियां, शैक्षणिक चार्ट एवं प्रदर्शनी जैसी विविध प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य अतिथि श्री नाहटा ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक सोच तथा आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं। विद्यालय के निर्देशकगण मोहन नाहटा, निकेशसिंह ठाकुर, अहमद रज़ा, अजय छाजेड़ एवं शशांक सलाम के मार्गदर्शन से आयोजन को उत्कृष्ट रूप मिला। प्रधानाचार्य शिवकुमार साहू के कुशल नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ। आयोजन में श्रीमती तुलेश्वरी शेरपा, श्रीमती खुशबू साहू, श्रीमती दलेश्वरी साहू, फनिश साहू एवं नरेंद्र कुमार का विशेष योगदान रहा।

# राजपुर में माता पहुंचानी 22 को

- 23 को वार्षिक देव मेला में लोक संस्कृति की दिखेगी भव्य झलक


हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंचायत राजपुर में 22 जनवरी को माता पहुंचानी तथा 23 जनवरी को वार्षिक देव मेला पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होगा। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का वातावरण है ।

ग्राम गायता राजकुमार वट्टी, देव समिति अध्यक्ष धनराज मरकाम, सरपंच उत्तम नेताम, ग्राम पटेल गिरधरसिंह वट्टी, रामस्वरूप नेताम, रोहिदास नेताम, प्रेमलाल नेताम, रामदास बघेल, दयाराम नेताम, ओंकारदास मानिकपुरी, पूनम प्रजापति, जागेश्वर सिंह मरकाम, देवलाल कुंजाम एवं नवलसिंह मरकाम ने बताया कि यह आयोजन ग्राम की वर्षों पुरानी परंपरा है, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन सहभागिता करते हैं।

22 जनवरी को माता पहुंचानी पर देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना, पारंपरिक गीत-संगीत एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। 23 जनवरी को आयोजित वार्षिक देव मेला में दिनभर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां होंगी। मेले में पारंपरिक पूजा के साथ विभिन्न दुकानें, झूले एवं ग्रामीण उत्पादों की भी व्यवस्था रहेगी। देव मेला का प्रमुख आकर्षण 23 जनवरी की रात्रि 9 बजे से नयापारा बेलरगांव से आमंत्रित लोक संध्या पार्टी की सांस्कृतिक प्रस्तुति (पूर्वपारा) होगी। लोक कलाकार छत्तीसगढ़ी लोक गीत, नृत्य एवं पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। आयोजन समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा मेले की व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

## नृत्य एवं गीतों से बच्चों ने दादा-दादी के प्रति प्रेम, सम्मान को किया प्रस्तुत





दादा-दादी के सम्मान में डीपीएस में हुआ ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बदलते समय के साथ समाज में लोग अपनी परंपराओं से दूर होते जा रहे हैं, जिससे दादा- दादी के महत्व को समझना आज की पीढ़ी के लिए चुनौती बनता जा रहा है। इसी उद्देश्य को लेकर देहली पब्लिक स्कूल धमतरी में छात्र-छात्राओं के नैतिक मूल्यों के विकास एवं दादा-दादी के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक धीरज अग्रवाल, श्रीमती निधि अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने किया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नृत्य एवं गीतों के माध्यम से बच्चों ने दादा-दादी के प्रति प्रेम, सम्मान और उनके महत्व को प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने कहा कि दादा-दादी बच्चों के जीवन में संस्कारों की नींव रखते हैं और उनके अनुभव बच्चों को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। इस दौरान दादा-दादी एवं अभिभावकों ने भी अपने अनुभव और विचार साझा किए। डायरेक्टर हर्ष अग्रवाल ने दादा-दादी की भूमिका और परिवार में उनके महत्व पर प्रकाश डाला तथा पीढ़ियों के बीच मजबूत भावनात्मक संबंध बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

### भेंडसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रासेयो शिविर का समापन

# सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भेंडसर में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। नशामुक्त समाज के लिए संकल्पित एवं समर्पित युवा थीम पर आधारित शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व, युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों के शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक विकास के साथ समाज सेवा की भावना को सुदृढ़ करता है। शिविरार्थियों द्वारा अपनाई गई अनुशासित दिनचर्या, सेवा भाव और सामाजिक सरोकारों की सराहना की गई ।

शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रभातफेरी, योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान और श्रमदान किया गया। ग्राम के विद्यालय परिसर, देवस्थलों, गलियों, चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। बौद्धिक परिचर्चा में विधिक जागरूकता, स्वास्थ्य, नशापान के दुष्प्रभाव, सामाजिक समरसता, युवाओं के आदर्श और पशुपालन जैसे विषयों पर जानकारी दी गई।

समापन समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत एवं राजकीय गीत से हुआ। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, गीत, नशापान व सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर आधारित संदेशप्रद नाटक और प्रहसन प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों को जागरूक करने के साथ मनोरंजन भी किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व कार्यक्रम अधिकारी टिकेश कुमार साहू तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू ने किया। शिविरार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राज्यस्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता 20 से

- प्रथम पंजीकृत 150 प्रतिभागी प्रतियोगिता में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

राज्यस्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता 20 एवं 21 फरवरी को होगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य जनजातीय कला, संस्कृति और जीवनशैली को प्रोत्साहन देना है।

प्रतियोगिता का विषय जनजातीय जीवनशैली निर्धारित किया गया है। यह आयोजन शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय नवा रायपुर में होगा। प्रतियोगिता प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रदेशभर से अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रथम पंजीकृत 150 प्रतिभागी प्रतियोगिता में शामिल होंगे। प्रतियोगिता 18 से 30 वर्ष एवं 30 वर्ष से अधिक-दो आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। आयु की गणना 1 जनवरी 2026 के आधार पर होगी। प्रतियोगिता कैनवास माध्यम से होगी। कैनवास का साइज 24×30 इंच निर्धारित है। प्रतिभागी अपनी सुविधा अनुसार रंग (एक्रेलिक, ऑयल, पोस्टर आदि) का चयन कर सकते हैं। कैनवास एवं स्टैंड (ईजल) संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे, शेष आवश्यक सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लानी होगी। प्रथम पुरस्कार 20000, द्वितीय 15000 एवं तृतीय पुरस्कार 10000 एवं इसके अतिरिक्त दोनों आयु वर्गों के 10-10 प्रतिभागियों को 2000 की सांत्वना राशि दी जाएगी। श्रीमती रमा उइके सहायक संचालक, सुश्री पार्वती जगत सहायक संचालक से संपर्क किया जा सकता है।

## अंचल की खबरें

### महासम्मेलन में भाग लेने धीवर समाज के युवा रवाना



**धमतरी।** मंदिर हसौद के नवागांव में आयोजित छत्तीसगढ़ धीवर समाज के युवा महासम्मेलन में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में धीवर युवक रवाना हुए। शनिवार को सुबह 10 बजे दानीटोला स्थित शीतला माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद समाज के युवा दो बस में सवार होकर महासम्मेलन में शामिल होने गए। समाज के संरक्षक परमेश्वर फूटान ने धर्म ध्वजा दिखाकर बसों को रवाना किया। इस अवसर पर धीवर समाज के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा, सचिव सोहन धीवर, संध्या हिरवानी, करण हिरवानी, राजकुमार फूटान, आशा धीवर, तीरथ फूटान, यशवंत कोसरिया, कीर्तन मीनपाल, कोमल सार्वा उपस्थित थे।

### राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए निकाली तिरंगा यात्रा



**धमतरी।** ओमलक्ष्मी फाउंडेशन द्वारा मुचकन्द ऋषि पर्वत पर जोहार तिरंगा यात्रा निकाली गई।कार्यक्रम में युवाओं का मनोबल बढ़ाने महापौर रामू रोहरा, हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, वार्ड पार्षद कुलेश सोनी, लक्ष्मण गौतम, हरिशंकर शांडिल्य, लोकेश साहू, आकाशगिरी गोस्वामी, अभिषेक शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने युवाओं को मुचकन्द ऋषि पर्वत और उसके पौराणिक महत्व के विषय में बताया। दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें विविधता में एकता को और राष्ट्र की अखंडता को बनाए रखने के लिए सबसे पहले जाति, धर्म को भूलना होगा। कार्यक्रम में संचालक वेदप्रकाश, विकास राठी, सोहन, ओमेश यादव, प्रेमकुमार, पोखराज, दुष्यंत, अतुल समेत अनेक युवा उपस्थित हुए।

### कुणाल ने जीता छत्तीसगढ़ टाइगर का खिताब



**धमतरी।** इंडियन क्लब रामकुण्ड द्वारा रायपुर के रामकुण्ड विवेकानंद आश्रम में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पुरुष माहिला कुश्ती प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उस्ताद अशोक यादव, जितेन्द्र सोनकर, बाबूलाल साहू, अक्कू सोनकर थे। छत्तीसगढ़ टाइगर का खिताब 57 किलोग्राम में धमतरी के पहलवान कुणाल यादव ने फाइनल में बिलासपुर के पहलवान करण धीवर को हराकर जीता। कोच नुमेश यादव एवं अन्य 8 पहलवानों ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया। उनका प्रदर्शन संतोषजनक रहा। सभी विजयी पहलवानों को जय बंजरग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी के उस्ताद भगवान सिंह यादव, लक्ष्मण साहू, राजकुमार, अंकालु, कृष्ण साहू, मेघराज यदु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु, गगन कुंभकार, विकास ठाकुर, सूरज छाटा, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, कोच विजयकुमार यादव, वार्ड पार्षद गजेन्द्र कंवर ने शुभकामनाएं दी।

### नियमित सुदर्शन क्रिया से मिलती है मानसिक शांति



**अंवरी।** सिहाद स्थित योग भवन में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सुदर्शन क्रिया की साप्ताहिक कक्षा प्रत्येक रविवार को प्रातः नियमित रूप से आयोजित की जा रही है। इस कक्षा का संचालन प्रशिक्षक हितेंद्र साहू एवं बसंत बैस द्वारा किया जाता है। कक्षा में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्रीश्री रविशंकर की पूर्ण स्वर साधना पद्धति के अनुरूप सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया जाता है। इसमें श्वास-प्रश्वास, ध्यान एवं मानसिक शांति से जुड़े अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को तनावमुक्त एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी जाती है। हरख जैन, विजय सोन, घनश्याम सिंह परिहार, लीलाधर साहू, डॉ बनपेला, वीरेंद्र बैस ने बताया कि नियमित सुदर्शन क्रिया से मानसिक शांति, ऊर्जा एवं स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव महसूस हो रहा है। आगामी दिनों में भखारा में सुदर्शन क्रिया की एक सप्ताह की कक्षा लगेगी। ग्राम देवरी में परशुराम निर्मलकर और गोविन्द यादव द्वारा एक सप्ताह का कोर्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि गोविन्द यादव को आर्ट ऑफ़ लिविंग टीचर के रूप में मान्यता मिल गई है।

### समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी जरूरी



**बगदेही (धमतरी)।** डाही कोसरिया मरार पटेल समाज बगौद राज की वार्षिक कार्यकारिणी बैठक ग्राम बगौद में हुई। इस बैठक में विभिन्न प्रकरणों का उचित निराकरण किया गया। नवनिर्मित मुख्यालय भवन निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। सामाजिक आचार संहिता एवं नियमावली पर चर्चा की गई। सामाजिक एकता, संगठन, शिक्षा एवं वार्षिक अधिवेशन के संबंध में विचार किया गया। इस अवसर पर बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी एवं योगदान आवश्यक है। शिक्षा एवं संस्कार से समाज को एक नई दिशा दे सकती हैं। समाज के संरक्षक नोहरसिंह पटेल ने सादा जीवन-उच्च विचार को अपनाने को प्रेरित किया। छग मरार समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष लीलारसिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज के संगठन एवं एकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में रचनात्मक, सामाजिक, गतिविधियों पर सकारात्मक चर्चा की गई। कार्यक्रम में संरक्षक तुकाराम पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, मंच संचालक घासुराम पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विमल प्रकाश पटेल, सलाहकार दूजराम पटेल, हुलास पटेल, हिंच्छाराम पटेल, किशोर पटेल, भुवन पटेल, देवचरण पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण पटेल, हेम पटेल, महेंद्र पटेल सहित 28 गांवों के समाजजन उपस्थित थे।

चर्रा की टीम रही द्वितीय, टारनेडो क्रिकेट क्लब ने किया भव्य आयोजन

# स्व. विनोद गोस्वामी ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता में पदमपुर का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

टारनेडो क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में कुरूद के खेल मैदान में आयोजित स्व.विनोद गोस्वामी स्मृति ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार रात को फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। पदमपुर सिहावा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए चर्रा को मात देकर प्रथम स्थान पाकर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया।

17 और 18 जनवरी को नगर के खेल मेला मैदान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लेकर खेल का प्रदर्शन किया। वनांचल सिहावा क्षेत्र ग्राम पदमपुर और कुरूद ब्लॉक के ग्राम चर्रा के टीम के बीच रविवार को फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें पदमपुर के धाकड़ खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्व. विनोद गोस्वामी स्मृति ट्रॉफी पर कब्जा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसे 21 हजार रू एवं चैलेंजर कप आयोजक



समिति द्वारा दिया गया। वहीं द्वितीत स्थान पर रही चर्रा की टीम को टारनेडो क्लब द्वारा 11 हजार रू एवं स्व. कमलेश शर्मा की स्मृति में मनीष शर्मा द्वारा तथा तृतीय 6 हजार रू एवं स्मृति चिन्ह सौराबांधा को स्व. पृथ्वी लाल देवांगन की स्मृति में हरिश देवांगंन द्वारा एवं चतुर्थ 4 हजार रू एवं स्मृति चिन्ह परसट्ठी स्व. श्रीमती कौशिल्या देवांगन की स्मृति में हरीश द्वारा और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 21 सौ रू एवं स्मृति चिन्ह टिकेश निषाद चर्रा स्पोट्र्स कुरूद संजय ध्रुव द्वारा, सर्वश्रेष्ठ रेडर को 11 सौ एवं स्मृति चिन्ह त्रिलोक पदमपुर, सर्वश्रेष्ठ कैचर को 11 सौ एवं स्मृति चिन्ह कोमल यादव चर्रा स्व. ऋषि राम ग्वाल की स्मृति में सन्वय ग्वाल द्वारा भेंट किया गया। प्रतियोगिता में शामिल 28 प्लेयर को प्रतियोगिता से विदाई दी गई। इसके अलावा विशेष प्रतिभा सम्मान नरेन्द्र कुमार एशिया कप परखंदा, सुश्री धनेश्वरी निर्मलकर राष्ट्रीय कबड्डी एसजीपीआई, सिया शर्मा कथक नृत्यांगना उज्जैन शिमला विशाखापठनम पुरी हरिद्वार को दिया गया।

प्रतियोगिता में संयोजक सुरेश निषाद पचपेड़ी, सहसंयोजक रमेश साहू मंदरौद, सदस्य नूरसिंग यादव, घनश्याम धुव चर्रा, वरूण ध्रुव भोथा, शिवनंदन निषाद हसदा, रामकिशुन नेताम मोहंदी, संयोजक ओमप्रकाश साहू कातलबोड़, सदस्य रिगतेश्वर साहू करेलीबड़ी, ओमप्रकाश पटेल मंदरौद, भावसिंग बंजारे पठार संयोजक रेफरी के रूप में सहयोग किया।

#### आयोजन की निरंतरता बनाए रखें

पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर अध्यक्ष एवं कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष निरंजन सिन्हा थे। अध्यक्षता पूर्व नपं अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चद्राकर, पूर्व नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर, मंजू साहू, पार्षद राखी चंद्राकर, आशीष शर्मा थे। अतिथियों ने टारनेडो क्रिकेट क्लब द्वारा किए गए कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए इसकी निरंतरता बनाए रखने की बात कही। विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि खेल में हार जीत होती रहती है, लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि मैदान में खिलाड़ियों के बीच खिलाड़ी भावना का होना जिसका पालन जिले भर से आए खिलाड़ियों ने किया।

## नजूल पट्टे की मांग को लेकर नपं में हंगामा



■ भखारा के वार्डवासियों ने जनप्रतिनिधियों पर निकाली भड़ास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

भखारा में सोमवार को वार्ड 1 और 3 वार्ड के रहवासियों ने नजूल पट्टे की मांग को लेकर पंचायत कार्यालय में हगांमा किया और जनप्रतिनिधियों पर जमकर भड़ास निकाली।

इस संबंध में घास भूमि पर निवास कर रहे लोगों ने बताया कि वार्ड क्रं. 1 और 3 सहित कई वार्ड में बरसों से अनेक परिवार घासभूमि पर निवासरत हैं। इन वार्ड में जब-जब चुनाव हुआ है तब- तब चुनाव जीतने के लिए जनप्रतिनिधि हमें प्रलोभन दिए कि चुनाव जीतने के बाद नजूल पट्टा दिलाएंगे और सब को इस पट्टा से प्रधानमंत्री आवास मिल जायेगा लेकिन अभी तक जो भी जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर आये हैं, गद्दी पर बैठने के बाद गरीब परिवारों पर ध्यान नहीं दिया। आज भी गरीब परिवारों को घास भूमि पर निवास करना पड़ रहा है जिसकी वजह से हमें शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। हम भी चाहते हैं जिस जमीन पर हम जिन्दगी भर की कमाई लगाकर निवास कर रहे हैं, उस जमीन की हमें पहचान मिले। आज सिर्फ दो तीन वार्ड के लोगों ने नगर पंचायत का घेराव किया। जरूरत पड़ने पर पूरे नगरवासी नगर पंचायत का घेराव करेंगे।

वार्डवासियों के हंगामे के वक्त जनप्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने लोगों की मांग को जायज बताते हुए इस दिशा में प्रयास करने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष से चर्चा के बाद किसी भी प्रकार से निष्कर्ष नहीं निकलने पर तहसील कार्यालय में तहसीलदार से चर्चा कर मांग की गई। उनके आश्वासन और समझाइश के बाद सभी वापस लौटे।

## सुगड़ा बदलकर सुहाग की सलामती और परिवार की खुशहाली मांगी



■ मराठा समाज की महिलाओं ने मनाई मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मराठा समाज में मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए सुगड़ा बदल कर सुहाग की सलामती और परिवार की खुशहाली की कामना की। अलग-अलग तिथियों के कारण मराठा समाज द्वारा संक्रांति पर्व दूसरे दिन मनाया गया।

संक्रांति पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाओं ने मिट्टी के छोटे पात्र, जिन्हें सुगड़ा कहा जाता है, तैयार किए। इन सुगड़ों में मटर, बेर, सेमी, गाजर, फल्ली सहित मौसमी सामग्री भरकर एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान किया। यह परंपरा आपसी प्रेम, समृद्धि और सौहार्द्र का प्रतीक मानी जाती है।

पर्व के दौरान महिलाओं ने हल्दी-कुमकुम लगाकर बड़ों से आशीर्वाद लिया और सुहाग की दीर्घायु की कामना की। इसके बाद तिल के लड्डू व तिल से बने अन्य पकवानों से एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। मान्यता है कि तिल के लड्डू की तरह जीवन में भी हमेशा मिठास बनी रहती है। इस अवसर पर सुचेता, खुशी, खिलेश्वरी, तरुणा, मयूरी, वर्षा, सुभद्रा, अल्का, साधना, भूमिका, सोनिया, ज्योति, नेहा, अर्पणा, रश्मि, संगम, राखी, सुमित्रा, मीरा, तृप्ति, माया, मंजू, उषा, सीमा और श्रद्धा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। संक्रांति पर्व के चलते शहर में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल बना रहा। कई श्रद्धालुओं ने महानदी में स्नान कर सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। पर्व के माध्यम से समाज में परंपरा, एकता और आपसी मेल-जोल का संदेश दिया गया।

## राज्यस्तरीय मंच पर दर्री को मिली सांस्कृतिक पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आरंग महोत्सव के भव्य राज्य स्तरीय मंच पर ग्राम दर्री ने अपनी समृद्ध लोक-संस्कृति और नाट्य परंपरा का गौरवपूर्ण प्रदर्शन किया। श्री स्वतंत्र बाल समाज नाट्य मंडली ग्राम दर्री द्वारा प्रस्तुत नाटक राजा मौरध्वज उर्फ शेर का भोजन ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से गहराई तक प्रभावित किया। यह प्रस्तुति केवल नाटक नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान, भक्ति और आस्था की महान परंपरा का जीवंत चित्रण रही।

सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद, अनुशासित निर्देशन और लोक-संस्कृति से ओत-प्रोत मंचन ने दर्शक दीर्घा को आरंभ से अंत तक बांधे रखा। प्रत्येक दृश्य में कलाकारों की साधना, समर्पण और वर्षों की मेहनत स्पष्ट दिखाई दी। ग्राम स्तर से निकलकर राज्य स्तरीय मंच तक पहुंचना इस नाट्य मंडली की निरंतर कला-साधना और अनुशासन का प्रमाण है।

आरंग की पावन भूमि, जो राजा मौरध्वज की त्यागमयी गाथा से जुड़ी है, उसी ऐतिहासिक कथा का मंचन यहां विशेष महत्व रखता है। इस प्रस्तुति को कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायकगण, निगम मंडल, बोर्ड, आयोग के अध्यक्षगण तथा कला जगत के प्रख्यात विद्वानों से विशेष सराहना प्राप्त हुई। हाथरस शैली के अनुरूप रागों और शास्त्रीय परंपराओं के पालन ने मंचन को और भी विशिष्ट बनाया।

यह उपलब्धि ग्राम दर्री के लिए गर्व का विषय है। आगामी दिनों में पुनः मंचन का अवसर मिलने से कलाकारों में नया उत्साह है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि ग्राम दर्री की सांस्कृतिक पहचान राज्य ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगी।

## स्वर्ण पदक विजेता नरेंद्र को परखंदा पंचायत ने दी 10 हजार की अंशदान राशि



■ एशिया बॉल बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में मेडल जीतकर प्रदेश का नाम किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

धमतरी जिले के ग्राम परखंदा निवासी होनहार खिलाड़ी नरेंद्र ने एशिया बॉल बैडमिंटन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश सहित देश का नाम रोशन किया है। होनहार खिलाड़ी का सरपंच श्रीमती माधुरी साहू सहित सचिव एवं पंचगणों ने स्वागत सत्कार कर शुभकामनाएं दी तथा 10,000 रुपए अंशदान भेंट किया।

गौरतलब है कि यह उपलब्धि धमतरी ही नहीं,बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सरपंच श्रीमती साहू ने कहा कि नरेंद्र जैसे खिलाड़ियों की सफलता से यह संदेश जाता है कि खेल के क्षेत्र में भी भविष्य उज्ज्वल है। प्रदेश सरकार एवं संगठन स्तर पर खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। नरेन्द्र ने कुरुद ब्लॉक में ही नियमित अभ्यास किया। अब तक 10 राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। एशिया स्तर की इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतना उनके खेल जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस अवसर पर सचिव लुकेश साहू, मोहित साहू, मिलन निषाद, गजेंद्र साहू, नानकुनिया निषाद, लता बाई निषाद, पदमा साहू, धनेश्वरी ध्रुव, खिलेश साहू, संतोष निषाद, दसोदा साहू, यशोदा निषाद, सविता साहू, दीपा साहू, रेखा पटेल, रजुला सतनामी, दीपक साहू, मनोज पटेल, देव निषाद, रूपेश निषाद, श्यामलाल सोनकर, गोपाल साहू उपस्थित थे।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण का आधार



■ केपीएस के प्रथम वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कृष्णा पब्लिक स्कूल में प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, सांस्कृतिक चेतना और बहुआयामी प्रतिभा का सशक्त उदाहरण बना। मुख्य अतिथि अनुराग त्रिवेदी डीएमसी धमतरी, श्रीमती नविता पांडे, श्रीमती शिव किशोरी शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि नेमीचंद सोनवानी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुद्री, रविकांत पांडे व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ओम पांडे, श्रीमती अनीता पांडे, गोपाल गोपाल शर्मा, भूपत देवांगन थे। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने कहा कि इस प्रकार के मंच बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने संस्कारयुक्त शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन और निरंतर परिश्रम का संदेश दिया। श्रीमती नविता पांडे प्राचार्या नत्थू जी जगताप शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने गुरु-शिष्य संबंध को कुम्हार और मिट्टी के समान बताते हुए शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती अनुपमा उपाध्याय ने प्रेरणादायी विचारों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार किया। विद्यालय की प्राचार्या सुश्री पूजा सिंह ने कहा कि ज्ञान, कौशल और संस्कार का संतुलन ही सच्ची शिक्षा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वागत नृत्य, जादू शो, देशभक्ति, भाई-बहन के प्रेम, पंजाबी एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य, बॉलीवुड गीतों और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति लहरे, भैरवी गोस्वामी एवं सुप्रिया मेश्राम ने किया।

## मनुष्य को जीवन में सदैव सत्य का साथ देना चाहिए

■ कथावाचक पं. जोगी ने श्रद्धालुओं को शिव भक्ति, सत्य और धर्म का गूढ़ संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शिवशक्ति सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से जीजामगांव में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक हलधरनाथ जोगी कोपरा राजिम ने कथा के तृतीय दिवस श्रद्धालुओं को शिव भक्ति, सत्य और धर्म का गूढ़ संदेश दिया।

कथावाचक ने बताया कि माता पार्वती भगवान शंकर से शांत और पवित्र मन से कथा सुनने की इच्छा प्रकट करती हैं। उन्होंने नंदी महाराज के जन्म की कथा सुनाते हुए कहा



कि ऋषि शिलाद ने संतान प्राप्ति के लिए भगवान शिव की कठोर तपस्या की, जिससे प्रसन्न होकर शिव ने उन्हें अमर पुत्र का वरदान दिया। वही नंदी महाराज आज महादेव के साथ विराजमान हैं और धर्म के प्रतीक हैं।

हलधरनाथ जोगी ने कहा कि लक्ष्मी माया हैं, इसलिए नारायण का स्मरण करने से ही लक्ष्मी स्वतः प्राप्त होती हैं। शिव को घर में स्थापित करने से माता पार्वती अन्नपूर्णा रूप में निवास करती हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को जीवन में सदैव सत्य का साथ देना चाहिए, क्योंकि सत्य ही शिव है और सत्य ही सुंदर है।

## शिव परिवार की हुई प्राण-प्रतिष्ठा, निकली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सुभाष नगर कांटा तालाब के पास श्री शिव परिवार मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा तथा संगीतमय शिव महापुराण के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को कलश यात्रा निकली, जिसमें वार्ड पार्षद पूर्णिमा देवांगन, रेवती देवांगन, अन्नपूर्णा देवांगन सहित बड़ी संख्या में महिलााएं शामिल हुईं। प्राण-प्रतिष्ठा 19 जनवरी को हुई। शिवमहापुराण 20 से 27 जनवरी तक होगा। कथावाचक पं. प्रदीप तिवारी मुजगहन अपनी सुमधुर वाणी से अलौकिक कथा का अमृत वर्षा करेंगे।

### प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में हुआ न्योता भोज

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ेबोड़ में न्योता भोज का आयोजन किया गया। ललित साहू ने अपने नाती श्लोक साहू के जन्मदिन पर न्योता भोज में बच्चों को खीर, पूड़ी, केला व मिठाई खिलाई। न्योता भोज पाकर बच्चे खुश नजर आए।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्लिपडिस्क > लिगामेंट के दर्द
> सायटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हटकेश्वर में मानसगान प्रतियोगिता 23 से

**धमतरी।** हटकेशर के मानस मैदान में 23 से 25 जनवरी तक संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन नागेश्वर मानस प्रचार एवं लीला मंडली, हटकेशर द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 23 जनवरी को दोपहर 3 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। प्रतियोगिता में स्थानीय और आसपास के क्षेत्र की आठ मंडलियां भाग लेंगी। पहले दिन मां मंशरानी मानस परिवार, जय गुरुदेव आराधना हरि कीर्तन, स्नेह महिला मानस परिवार, वात्सल्य मानस परिवार और पैरी लहर बालिका मानस मंडली प्रस्तुति देंगी। 24 जनवरी को माधुर्य मानस प्रचार समिति, जय मां गौरी बालिका मानस मंडली, जय जय गुरुदेव संकीर्तन मंडली, मां के ममता मानस परिवार और श्रीराम मानस परिवार की प्रस्तुति होगी। तीसरे दिन श्री रामायण मानस प्रचार समिति, रघुवर मानस परिवार, हरिओम मानस परिवार, हंसवाहिनी मानस मंडली और स्वरांजलि महिला मानस मंडली भाग लेंगी। पहले दिन के अतिथि रामू रोहरा महापौर, हिमानी भागवत साहू पार्षद, पूर्णिमा भरत देवांगन पार्षद, जितेन्द्र कुमार पटेल जिला अध्यक्ष पटेल समाज, विनय देवांगन जिला अध्यक्ष देवांगन समाज होंगे। दूसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ राजेश शर्मा, अरुण सार्वा, राजेंद्र शर्मा, चंद्रकला पटेल, रुक्मिणी सोनकर करेंगे।
तीसरे दिन का शुभारंभ विधायक ओंकार साहू ,विजय देवांगन, सूरज गहरवाल, उमा भागीरथी ध्रुव, गणेशराम साहू की उपस्थिति में होगा। प्रतियोगिता की तैयारी में बीएल निर्मल अध्यक्ष, ईश्वर पटेल सचिव, कैलाश यादव उपाध्यक्ष, लोकेश नेताम मीडिया प्रभारी, लक्ष्मी नारायण साहू संरक्षक, भूषण साहू कोषाध्यक्ष, कमलेश पटेल सहसचिव, लखन पटेल सेवादार, सोहद्रा बाई यादव महिला प्रकोष्ठ और सुनीता वर्मा सचिव महिला प्रकोष्ठ जुटे हैं।

### ब्लाक कांग्रेस का एक दिवसीय धरना 23 को

**दुर्गुकोंदल।** किसानों कि समस्याओं को देखते हुए दुर्गुकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 23 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा, इसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया। यह धरना दोपहर 12 से 3 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत आने वाले जोन, सेक्टर एवं मंडल स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधि भी धरना प्रदर्शन में सहभागिता करेंगे। मुख्य मांग है कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदा जाए और जिन किसानों का धान अब तक नहीं बिक पाया है, उनकी शीघ्र खरीदी सुनिश्चित की जाए।

### कांकेर पॉलीटेक्निक की महिला टीम ने मारी बाजी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा महात्मा गांधी कला मंदिर भवन सिविक सेंटर भिलाई में आयोजित एकीकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025-26 में रस्साकशी खेल में शासकीय पॉलिटेक्निक कांकेर की महिला वर्ग की टीम विजेता तथा पुरुष वर्ग की टीम उपविजेता रही। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह सम्मान कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के मंत्री गुरू खुशवंत साहेब द्वारा संस्था के प्राचार्य एवं खेल अधिकारी को प्रदान किया गया।

### कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर लगाया किसानों को परेशान करने का आरोप

# जबरन धान समर्पण के लिए किसानों को विवश कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। जिला कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाया है कि किसानों को उनकी उपज बेचने के बजाय प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जबरन धान समर्पण के लिए मजबूर किया जा रहा है। कांग्रेस ने इसे किसान विरोधी कदम बताते हुए 22 जनवरी को जिला स्तर पर आंदोलन करने की घोषणा की है।

कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी नीलम चंद्राकर, विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरुमुख सिंह होरा सहित वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा। नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से वादा किया था कि समर्थन मूल्य पर पूरा धान खरीदा जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके उलट हैं। किसानों को मानसिक दबाव में रखकर धान समर्पण के लिए कहा जा रहा है।

कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था किसानों पर आधारित है, बावजूद इसके आज वही किसान सबसे अधिक परेशान हैं। धान खरीदी की शुरुआत से ही टोकन, सर्वर डाउन और अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। अब जब खरीदी अंतिम चरण में है, तो किसानों का बचा हुआ धान खरीदने के बजाय समर्पण की कार्रवाई की जा रही है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि कई ग्रामीण किसान समर्पण प्रक्रिया को समझते तक नहीं हैं, फिर भी उनसे फार्म पर हस्ताक्षर कराए जा रहे हैं। उन्होंने इसे प्रशासनिक मनमानी बताते हुए कहा कि अनेक सोसायटियों के निरीक्षण में गंभीर खामियां सामने आई हैं, जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी जा चुकी है। इसके बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि आदिवासी और कमजोर वर्ग के किसानों के साथ विशेष रूप से अन्याय हो रहा है। कुछ मामलों में पात्र किसानों का पूरा धान नहीं खरीदा जा रहा, जिससे उनमें आक्रोश है। नेताओं ने धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने और किसानों पर किसी भी प्रकार का दबाव समाप्त करने की मांग की।

प्रेसवार्ता में यह भी कहा गया कि अगर सरकार ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया, तो कांग्रेस आंदोलन को और व्यापक रूप देगी। नेताओं ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई केवल धान खरीदी तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि किसानों से जुड़े हर मुद्दे पर संघर्ष किया जाएगा।

कांग्रेस ने ऑटो चालकों और राइस मिलरों की समस्याओं का भी उल्लेख करते हुए उनके आंदोलनों को जायज बताया और समर्थन की बात कही। नेताओं ने कहा कि 22 जनवरी को प्रस्तावित आंदोलन के माध्यम से सरकार को किसान विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार के लिए मजबूर किया जाएगा।

प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्षद्वय शरद लोहाना, मोहन लालवानी, ब्लाक अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## गुप्त नवरात्र पर अष्टभुजी शक्तिपीठ उमरगांव में सतचण्डी महायज्ञ

- शक्ति उपासना, बाधा निवारण एवं मनोकामना सिद्धि का दुर्लभ वैदिक अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी




गुप्त नवरात्र पर अष्टभुजी शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर उमरगांव में इस वर्ष भी नौ दिवसीय श्री सत चण्डी महायज्ञ एवं दस महाविद्या विशेष पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यह दुर्लभ वैदिक अनुष्ठान 19 जनवरी से 27 जनवरी तक निरंतर संपन्न होगा। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

शास्त्रों में गुप्त नवरात्र को शक्ति साधना का सर्वोच्च काल माना गया है। इस अवधि में की गई उपासना, यज्ञ एवं मंत्र-साधना शीघ्र फलदायी होती है। गुप्त नवरात्र विशेष रूप से दस महाविद्याओं की आराधना हेतु समर्पित होती है, जिसमें साधक अंतर्मुखी होकर देवी शक्ति की साधना करता है। मान्यता है कि इस काल में की गई उपासना से आत्मिक बल, मानसिक शांति, सुरक्षा तथा मनोकामना सिद्धि प्राप्त होती है।

श्री सत चण्डी महायज्ञ को वैदिक परंपरा में सर्वबाधा नाशक अनुष्ठान माना गया है। इसके प्रभाव से नवग्रह दोष, रोग, भय, शत्रु बाधा, आर्थिक संकट, ऋण एवं पारिवारिक समस्याओं का निवारण होता है। जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

यह आयोजन विगत कई वर्षों से निरंतर होता आ रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करते हैं। आयोजन प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से संध्या 6 बजे तक चलेगा, जिसमें श्री सत चण्डी पाठ, दस महाविद्या पूजन, महायज्ञ, महाआरती एवं महाभंडारे का आयोजन होगा।






### 19 जनवरी तक 5,700 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा, हजारों अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में सफल

# अग्निवीर भर्ती रैली में उमड़ा युवाओं का सैलाब, दिखा सेना में जाने का जोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी के इंडोर स्टेडियम में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली युवाओं के लिए देशसेवा का सुनहरा अवसर बनकर सामने आई है। भारतीय सेना द्वारा अग्निपथ योजना अंतर्गत आयोजित इस भर्ती में प्रदेशभर के युवाओं का उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। 10 जनवरी से प्रारंभ हुई यह रैली 24 जनवरी तक आयोजित की जा रही है।

भर्ती रैली के दस दिनों में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों से 5,749 से अधिक अभ्यर्थी शारीरिक परीक्षा में भाग ले चुके हैं। इनमें से 3,989 युवाओं ने निर्धारित दौड़ सफलतापूर्वक पूरी कर आगे की चयन प्रक्रिया में प्रवेश किया है। मैदान पर युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिला।

19 जनवरी को धमतरी एवं बेमेतरा जिले के युवाओं की भर्ती आयोजित की गई। इस दिन 746 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 635 युवाओं ने मैदान में उपस्थिति दर्ज कराई। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच 409 अभ्यर्थी दौड़ परीक्षा में सफल रहे और आगे की प्रक्रिया के लिए चयनित हुए।

सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार दौड़ में सफल अभ्यर्थियों को अब शारीरिक मापदंड परीक्षण, दस्तावेजों की जांच और चिकित्सा परीक्षण से गुजरना होगा। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और तय मानकों के अनुसार की जा रही है। 20 जनवरी को अग्निवीर लिपिक, तकनीकी तथा ट्रेड्समैन (आठवीं पास) वर्ग के अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होंगे। वहीं 21 जनवरी को ट्रेड्समैन (दसवीं पास) अभ्यर्थियों के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

सेना प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच अब तक नहीं हो सकी है, उन्हें 21 और 22 जनवरी 2026 को सुबह 5:30 बजे निर्धारित दस्तावेजों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। निर्धारित तिथि पर जांच न कराने की स्थिति में अभ्यर्थी को अयोग्य माना जाएगा।

यह संपूर्ण भर्ती रैली जिला प्रशासन धमतरी और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के समन्वय से सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही है। प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि सेना में चयन केवल योग्यता के आधार पर होता है, इसलिए किसी भी प्रकार के फर्जी आश्वासन या दलालों से सावधान रहें।

### कबीर सत्संग में गूंजा सत्य, आत्मज्ञान का संदेश

**भखारा।** ग्राम बिरेतरा (डोमा) में आयोजित दो दिवसीय कबीर विचार सत्संग कार्यक्रम में साध्वी सुश्री चंद्रकला साहेब ने कहा कि सत्य बात कहने पर समाज प्रायः नाराज़ हो जाता है, किंतु सत्यता के मार्ग पर चलना ही वास्तविक साधना है। रोचक वाणी लोगों को सहज स्वीकार्य होती है, जबकि कठोर सत्य कई बार भय उत्पन्न करता है, पर वही मनुष्य के जीवन में सुधार का कारण भी बनता है। सत्संग में कबीर साहेब के दोहों के माध्यम से आत्मज्ञान का महत्व समझाया गया। बताया गया कि ईश्वर बाहर नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर ही विद्यमान हैं, किंतु अज्ञानवश मनुष्य बाहर भटकता रहता है। आत्मबोध के बिना जीवन दिशाहीन हो जाता है।

## सोरिद डिपोपारा के अटल आवास का होगा नवनिर्माण

- महापौर ने की घोषणा, अटल आवास में निवासरत लोगों की समस्याएं सुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



महापौर रामू रोहरा ने सोरिद वार्ड के डिपोपारा क्षेत्र में स्थित अटल आवास का नवनिर्माण कराने की घोषणा की है। महापौर स्वयं मौके पर पहुंचकर अटल आवास में निवासरत नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान आवास से जुड़ी विभिन्न जटिलताओं और समाधान के बिंदुओं पर चर्चा की गई।

महापौर ने कहा कि नगर निगम का यह स्पष्ट संकल्प है कि शहर का कोई भी पात्र नागरिक पक्के मकान से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि अटल आवास के नवनिर्माण की प्रक्रिया नियमानुसार की जाएगी, जिसमें हितग्राहियों को निर्धारित फिक्स राशि के रूप में अंशदान भी जमा करना होगा।

सभी पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा और इस दिशा में निगम पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। बैठक के दौरान महापौर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल आवास में निवासरत हितग्राहियों की सूची शीघ्र तैयार कर फाइलों को अद्यतन किया जाए, ताकि आवास स्वीकृति की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में उपायुक्त पीसी सार्वा, सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, मोहम्मद शेरखान, संजय गुप्ता, श्रीमती कंचन किरण सहित बड़ी संख्या में अटल आवास के नागरिक उपस्थित रहे।











